**LEGISLATIVE ASSEMBLY**
**NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI**
**Bulletin Part-I**
**(Brief summary of proceedings)**
**Monday, 09 October, 2017 / 17 Ashwin, 1939 (*Saka*)**

**No. 60**
**2.10 PM** **Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 2.10 PM **Obituary References :**
The House paid homage and observed two minute silence on the sad demise of :
1. Shri Rajender Gupta, Ex-MLA (1993-1998 Timarpur Assembly Constituency)
2. Defence Personnel who lost their lives in the recent air accident at Arunachal Pradesh on 06 October, 2017.

2. 2.14 PM Pandemonium in the House as the BJP Members insisted that the issues for which they had given notices be discussed.

3. 2.21 PM **Discussion on Government Resolution (Rule-90) :**
The following Members participated in the Discussion on the Government Resolution moved by **Shri Kailash Gahlot, Hon'ble Minister of Transport** on 04 October, 2017 :

1. Shri Anil Kumar Bajpai
(First Shri Manjinder Singh Sirsa and a while later Shri Om Prakash Sharma, were named by the Chair and asked to withdraw from the House as they were disrupting the proceedings of the House constantly. As Shri Manjinder Singh Sirsa and Shri Om Prakash Sharma refused to withdraw voluntarily, the Chair directed the Marshalls to escort them out.
Shri Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition and Shri Jagdish Pradhan, walked out in protest.
Shri Anil Kumar Bajpai concluded his speech.)
2. Ms. Bhavna Gaur
3. Shri Mohinder Goel
4. Shri Manoj Kumar
5. Shri Rituraj Govind
6. Ms. Rakhi Birla, Hon'ble Deputy Speaker
7. Shri Jagdish Pradhan
8. Shri Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition
9. Shri Rajender Pal Gautam, Hon'ble Minister of Tourism

**Shri Kailash Gahlot, Hon'ble Minister of Transport** replied to the discussion and moved that the words '04 October, 2017' in the first line of the text of the Resolution be replaced with '09 October, 2017'..

**Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** also made a brief statement.

The following amended Resolution was put to vote and adopted by voice-vote:
*"The Legislative Assembly of NCT of Delhi having its sitting in Delhi on 09 October, 2017 :*
***Taking note*** *of the fact that the Delhi Metro Rail Corporation (DMRC) has once again proposed to steeply hike the passenger fare with effect from 10 October, 2017 against the wishes of the Government of NCT of Delhi and in gross violation of recommendations of the Fare Fixation Committee;*

***Expressing Serious concern*** *that such anti-people proposal is sought to be implemented when the common man is already reeling under severe financial burden imposed by poor implementation of GST, demonetization unprecedented price rise, hike in fuel prices and general economic mismanagement by the Centre;*

***Dismayed*** *with the insensitive approach of those responsible for proposed fare hike without any concern for common people who are struggling to make ends meet at a time when the country's economy is on a tail spin;*

***Worried*** *about the obvious negative impact of fare hike on livelihood of common people, environment and traffic flow;*

***Calls upon*** *all the stakeholders to stop forthwith the implementation of the proposed fare hike by DMRC;*

***Appeals*** *to the Government of India to take into consideration the pro-people concerns raised by the Government of NCT of Delhi;*

*and*

***Urges upon*** *the Ministry of Urban Development, Government of India to quickly and actively intervene so that the proposed unlawful and anti-people fare hike is reversed in the interest of common people and the environment."*

4. 5.05 PM **House adjourned for tea break.**

5. 5.45 PM **House reassembled**
**Hon'ble Speaker in-Chair.**

6. *Pandemonium in the House as the Ruling Party Members demanded discussion on a news item by online news portal 'The Wire' regarding a company owned by a National Political Party's President's son.*
**House adjourned till 6.00 PM**

7. 6.00 PM **House reassembled**
**Hon'ble Speaker in-Chair.**
***Pandemonium continued.***
**House adjourned till 6.30 PM**

8. 6.30 PM **House reassembled**
**Hon'ble Speaker in-Chair.**

9. 6.31 PM The Chair sought the approval of the House to extend the sitting of the House by one day to consider the Message of the Hon'ble Lieutenant Governor.
The House agreed to consider the Message on 10 October, 2017.

10. **The Chair adjourned the House till 11.00 AM on 10 October 2017.**

**Delhi** **Prasanna Kumar Suryadevara**
**09 October, 2017** **Secretary**

**विधान सभा**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली**
**समाचार भाग–1**
**कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख**
**सोमवार, 09 अक्टूबर, 2017/अश्विन 17, 1939 (शक)**

**संख्या–60**
**2.10 बजे** **श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

**1** 2.10 बजे **निधन संबंधी उल्लेख :**

सदन द्वारा निम्नलिखित के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई तथा दो मिनट का मौन धारण किया गया :–

1. श्री राजेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक (1993–98, तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र)
2. दिनांक 06 अक्टूबर, 2017 को अरूणाचल प्रदेश में हुई हवाई दुर्घटना में जान गंवाने वाले सुरक्षा–कर्मियों के प्रति

**2** 2.14 बजे सदन में शोर–शराबा हुआ क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने जोर दिया कि जिन विषयों के लिए उन्होंने नोटिस दिये हैं, उन पर चर्चा की जाये।

**3** 2.25 बजे **सरकारी संकल्प (नियम–90) पर चर्चा** :

**श्री कैलाश गहलोत, माननीय परिवहन मंत्री** द्वारा दिनांक 04 अक्टूबर, 2017 को प्रस्तुत सरकारी संकल्प पर चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

1. श्री अनिल कुमार बाजपेयी

(पहले श्री मनजिंदर सिंह सिरसा तथा कुछ समय पश्चात् श्री ओम प्रकाश शर्मा को अध्यक्ष महोदय ने इंगित किया तथा उन्हें सदन से बाहर जाने के लिए कहा क्योंकि वे लगातार सदन की कार्यवाही में बाधा पहुंचा रहे थे। चूंकि श्री मनजिंदर सिंह सिरसा एवं श्री ओम प्रकाश शर्मा ने अपने आप बाहर जाने से मना कर दिया, इसलिए अध्यक्ष महोदय ने मार्शलों को निर्देश दिया कि उन्हें बाहर ले जायें।)

2. सुश्री भावना गौड़
3. श्री महेन्द्र गोयल
4. श्री मनोज कुमार
5. श्री रितु राज गोविंद
6. सुश्री राखी बिडला, माननीय उपाध्यक्ष
7. श्री जगदीश प्रधान
8. श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष
9. श्री राजेन्द्रपाल गौतम, माननीय पर्यटन मंत्री

**श्री कैलाश गहलोत, माननीय परिवहन मंत्री** ने चर्चा का उत्तर दिया और प्रस्ताव किया कि संकल्प की प्रथम पंक्ति में शब्द '04 अक्टूबर, 2017' को '09 अक्टूबर, 2017' से प्रति स्थापित किया जाये।
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने भी संक्षिप्त वक्तव्य दिया।
निम्नलिखित संशोधित संकल्प मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनिमत से स्वीकार हुआः
*"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली विधानसभा दिनांक 09 अक्टूबर, 2017 को आयोजित अपनी बैठक में :*

*इस तथ्य पर **गौर करते हुए** कि दिल्ली मैट्रो रेल कार्पोरेशन (डी.एम.आर.सी.) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार की इच्छा के विरूद्ध तथा किराया निर्धारण समिति की सिफारिशों का घोर उल्लंघन करके दिनांक 10 अक्टूबर, 2017 से यात्री किराये में भारी बढ़ोतरी का एक बार फिर प्रस्ताव किया है,*

*यह गम्भीर **चिंता व्यक्त करते हुए** कि इस जन–विरोधी प्रस्ताव को ऐसे समय पर लागू करने का प्रयास किया जा रहा है, जब केन्द्र द्वारा जीएसटी के खराब कियान्वयन, विमुद्रीकरण, अभूतपूर्व महंगाई, ईंधन की दरों में वृद्धि और अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन के कारण अत्यधिक वित्तीय बोझ के नीचे आम आदमी पहले ही दबा हुआ है,*

*प्रस्तावित किराया बढ़ोतरी के जिम्मेदार व्यक्तियों के असंवेदनशील रवैये के प्रति* ***निराशा व्यक्त करते हुए,*** *जिन्होंने उन आम लोगों की चिंता नहीं की, जो ऐसे समय में जीवन यापन के लिए संघर्ष कर रहे हैं जब देश की अर्थव्यवस्था रेंग रही है,*

*आम लोगों के जीवन, पर्यावरण तथा ट्रैफिक प्रवाह पर किराया बढ़ोतरी के स्पष्ट नकारात्मक प्रभाव के प्रति* ***चिंता जाहिर करते हुए,***

*सभी सांझीदारों से डीएमआरसी के प्रस्तावित किराया बढ़ोतरी के क्रियान्चयन को तत्काल रोकने का* ***आग्रह करती है,***

*राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार द्वारा जाहिर की गई जनहित से जुड़ी चिंताओं पर विचार करने के लिए भारत सरकार से* ***अपील करती है,***

*शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार से तीव्रतापूर्वक और सक्रियतापूर्वक हस्तक्षेप करने के लिए* ***आग्रह करती है*** *ताकि प्रस्तावित गैरकानूनी और जनविरोधी किराया वृद्धि को आम लोगों और पर्यावरण के हित में वापिस लिया जा सके।"*

**4** 5.05बजे **सदन जलपान अवकाश के लिए स्थगित हुआ।**

**5** 5.45 बजे **सदन पुनः समवेत हुआ।**
**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।**

**6** ***सदन में शोर–शराबा हुआ क्योंकि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष के पुत्र के स्वामित्व वाली कम्पनी के बारे में ऑन लाइन न्यूज पोर्टल 'द वायर' पर जारी समाचार के संबंध में चर्चा की मांग की।***
**सदन 6.00 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।**

**7** 6.00 बजे **सदन पुनः समवेत हुआ।**
**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।**
*सदन में शोर–शराबा जारी।*
**सदन 6.30 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।**

**8** 6.30 बजे **सदन पुनः समवेत हुआ।**
**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।**

**9** 6.31 बजे अध्यक्ष महोदय ने माननीय उपराज्यपाल के संदेश पर विचार करने के लिए सदन की बैठक एक दिन बढ़ाने के लिए सदन की अनुमति चाही।
सदन दिनांक 10 अक्टूबर, 2017 को संदेश पर विचार करने के लिए सहमत हुआ।

**10** **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 10 अक्टूबर, 2017 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की।**

दिल्ली
**09 अक्टूबर, 2017**

प्रसन्ना कुमार सूर्यदेवरा
सचिव